# छात्र कार्यकलाप



संस्थान के  छात्रों को पाठ्यक्रमेतर तथा सह-पाठ्यक्रम कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है ताकि उनका सर्वाङिगड वैयक्तिक विकास हो सके । समीक्षा वर्ष के दौरान संस्थान के छात्रों ने न केवल इन कार्यक्रमों में भाग ही लिया अपितु उन्होंने कई नये कार्यक्रमों का शुभारंभ भी किया ।

सह-पाठ्यक्रम कार्यकलाप
पाठ्यक्रमेतर कार्यकलाप
विशेष अवसर
छात्रों की विशिष्ट उपलब्धियाँ
खेल समाचार

# सह-पाठ्यक्रम कार्यकलाप

## अमल्थिया 2010



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर के छात्रों ने अक्तूबर 9-10, 2010 के दौरान **अमल्थिया 2010** के अन्तर्गत पुनर्नव्य ऊर्जा (सौर, पवन एवं जैव ऊर्जा) विषय पर एक दो दिवसीय समागम सभा (कॉन्क्लेव) का आयोजन किया । इस समागम सभा में विशिष्ट व्यक्तियों के व्याख्यानों सहित महत्वपूर्ण विषयों पर सामूहिक चर्चा सत्रों का आयोजन किया गया । कई पुनर्नव्य ऊर्जा कंपनियों ने इस कार्यक्रम को व्याख्यान, प्रायोजन अथवा दोनो ही रूपों में योगदान करते हुए अपना सहयोग प्रदान किया । लगभग 30 वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और उद्योग नेतृत्व ने इस समागम सभा में भाग लेते हुए छात्रों को उद्यमशीलता के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया । कुछ प्रमुख प्रतिभागियों में **श्री हर्ष मांगलिक** (मुख्य प्रबंध निदेशक, एक्सन्चर), **श्री सार्थक बेहुरिया** (कार्यकारी अध्यक्ष, IOCL), **श्री जयेश बुच** (एस्सार निदेशक), **श्री मधुसूदन अत्रे** (प्रबंध निदेशक, एप्लाइड मटेरियल्स), **श्री के.सुब्रमण्य** (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टाटा बी पी सोलार), **श्री एस.बी.दंग्याच** (प्रबंध निदेशक सिन्टेक्स), **श्री एम.साहू** (प्रधान सचिव, उद्योग, गुजरात सरकार) तथा **श्री अमित कुमार** (सह निदेशक, पी डब्ल्यू सी) ।



## अभिमुखी कार्यक्रम

तृतीय बैच के रूप में जुलाई 2010 में संस्थान में 128 छात्रों को प्रवेश प्राप्त हुआ जिनमें 112 बालक और 16 बालिकाएँ हैं। 22 से 27 जुलाई 2010 के दौरान सभी छात्रों को अभिमुखी कार्यक्रम प्रदान किया गया ताकि वे उच्चतर शिक्षण संस्थान में परिसर जीवन की चुनौतियों को सहजतापूर्वक ग्रहण कर सकें। इस अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि **डॉ. ए. एल. रविमोहन**, पूर्व प्रौद्योगिकी उपाध्यक्ष, कैस्ट्रॉल इंटरनेशनल, मुंबई, भारत ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्रों का संबोधन किया और उन्हें सर्जनशील वैज्ञानिक अभियंता बन कर नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रविमोहन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के सन् 1967 बी.टेक. बैच के राष्ट्रपति स्वर्णपदक विजेता हैं उन्होंने सन् 1971 में कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, अमरीका से पीएच.डी. की उपाधि अर्जित की है। इस अवसर पर **प्रा. सुधीर के. जैन**, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर ने इस बात पर जोर दिया कि सफलता की कुंजी कठिन परिश्रम में निहित है।

इस अभिमुखी कार्यक्रम के दौरान अनेक कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं के प्रमुख विषय थे **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से गुजरना** इस कार्यशाला की प्रमुख वक्ता **सुश्री मधु चड्ढा** थीं जिन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की संस्कृति में सृजनात्मकता एवं विकास तथा तनाव एवं काल प्रबंधन विषय पर छात्रों का उद्बोधन किया। दूसरी कार्यशाला थी **अद्वितीय एम ई** समारोह जिसकी प्रवक्ता थी **सुश्री जसबीर थड़ानी**, परामर्शदायी मनोवैज्ञानिक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर। इसी प्रकार **प्रा. जयंत कानिटकर** ने **'एक आई आई टीयन होना कैसा लगता है'** विषय पर व्याख्यान दिया तथा **सुश्री रश्मि दत्ता** ने छात्रों में टीमवर्क विकसित करने, **पारस्परिक संचार दक्षता एवं संकट** प्रबंधन हेतु व्यक्तित्व विकास पर छात्रों का उद्बोधन किया। **थिएटर एवं मिडिया सेंटर अहमदाबाद** के माध्यम से छात्रों को **अहमदाबाद शहर के सांस्कृतिक और शिल्पगत** परंपराओं से भी अवगत कराया गया। अभिभावकों और संकाय सदस्यों ने मिलकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दृष्टिकोण और लक्ष्य पर व्यापक विचार-विमर्श किया।

नये छात्रों की पृष्ठिभूमि, लक्ष्य, आशाएँ, महत्वकांक्षाएँ तथा सरोकारों को ज्ञात करने के उद्देश्य से तीन संकाय सदस्यों और संस्थान के परामर्शदायी मनोवैज्ञानिक ने मिल कर प्रत्येक छात्र / छात्रा से व्यक्तिगत रूप से विचार-विमर्श करने हुए उन्हें प्रेरित किया। इस प्रयास से संस्थान को अपने छात्रों में निहित प्रतिभाओं और उनकी कमजोरियों आदि का भी ज्ञान हुआ जिससे प्रत्येक छात्र को उसकी अपेक्षाओं के अनुरूप मदद की गयी।





## गीष्मकालिन इंटर्नशीप

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर अपने छात्रों को ग्रीष्मावकाश के दौरान देश विदेश के उद्योग अथवा अनुसंधान एवं शैक्षिक संगठनों में जाकर इंटर्नशीप करने के लिए सहायता और प्रेरणा प्रदान करता है । 14 द्वितीय वर्ष के छात्रों और 4 प्रथम वर्ष के छात्रों ने जॉन हाफकिन्स विश्वविद्यालय, वाशिंगटन विश्वविद्यालय, अण्डर्राइटर्स प्रयोगशाला, अमरीका, एन्सैम फ्रांस तथा नान्यांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सिंगापुर जैसे पाँच अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप किया । 24 छात्रों ने देश के विभिन्न उद्योगों, प्रा प्रौ सं, आई पी आर तथा भौ अ प्रयोगशाला में इंटर्नशीप किया । 32 छात्रों ने औद्योगिक संगठनों जैसे टाटा मोटर्स, फ्लूद्यान बंगलौर और टी सी एस में अपना इंटर्नशीप पूर्ण किया ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर ने अपने दस छात्रों सहित अन्य शैक्षिक संस्थाओं जैसे पी डी पी यू अहमदाबाद, एन आई टी सूरत, सेप्ट यूनिवर्सिटी अहमदाबाद, एन आई टी सूरत्खल तथा जे एन सी ए एस आर बंगलौर के छात्रों को ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप प्रदान किया । इन इंटर्नशीप्स के कालावधि में दो से आठ सप्ताह की विविधता रही । अधिकांश इंटर्नों ने अपने द्वितीय वर्ष की पढ़ाई पूरी कर ली थी । एक इंटर्न स्नातकोत्तर छात्र था । इन छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर में **प्रा. सुधीर के जैन**, **प्रा. विनोद नारायणन**, **प्रा. धीरेन मोदी** तथा **प्रा. समीर दलवी** ने मार्गदर्श प्रदान किया ।

## महिला कक्ष

संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को मिलाकर संस्थान में एक महिला कक्ष का गठन किया गया है । इसे केयर (CARE-कक्ष एवं सभी के लिए संसाधन) के नाम से भी अभिहित किया जाता है । इसमें कुल आठ सदस्य हैं । **प्रा.(सुश्री) जॉयसी मेकी**, इस कक्ष की संयोजिका हैं । इस कक्ष का प्राथमिक कर्तव्य संस्थान में महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम और उनकी प्रतिष्ठा की रक्षा करना है । यह कक्ष संस्थान में रहने वाले अथवा कार्यरत सभी लोगों को बिना किसी लैंगिक भेद-भाव सेवा और रक्षा करने के प्रति समर्पित है ।

## जीवन विकास कार्यशाला

फरवरी 26-27, 2011 के दौरान संस्थान के छात्र नियोजन कार्यालय द्वारा **एक जीवन (करिअर) विकास कार्यशाला** का आयोजन किया गया था । **श्री कुश शाह** एवं **श्री गोपेश मित्तल**, दोनो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के पूर्वछात्र, **सुश्री निधि शाह** तथा **श्री विवेक भण्डारी**, छा नि का ने इस कार्यशाला का संचालन किया तथा तृतीय वर्ष के बी.टेक.छात्रों को जॉब रेडी रहने के लिए संबोधित किया । इस अवसर पर अभ्यासात्मक साक्षात्कार, जीवनवृत्त जॉच तथा करिअर विकल्पों पर व्यापक रूप से उद्बोधन एवं अभ्यास कराया गया ।

## जीवन दक्षता माला

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर ने अपने छात्रों के लिए **जीवन दक्षता माला** का शुभारंभ किया किया है । यह पहल इस बात पर छात्रों का ध्यान आकर्षण करने के लिए है कि यदि दैनिक जीवन में छोटी-छोटी बातों और समस्याओं को विवेकपूर्ण और सूझ-बूझ के साथ संभाला जाए तो इससे बहुत फरक पड़ता है । इस पहल का उद्घाटन **प्रा. सुधीर के.जैन**, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर के द्वारा किया गया था । मार्च 28, 2011 को इस संबंध में पहली कार्यशाला का आयोजन किया गया था । **काल प्रबंधन एवं लक्ष्य निर्धारण** विषय पर आधारित इस कार्यशाला का संयोजन **सुश्री निधि शाह** ने किया । इस कार्यशाला में सभी विभागों से 50 से भी अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया । इस माला का समन्यवन **प्रा. शर्मिता लाहिड़ी** द्वारा किया गया ।

## नये भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों का शिखर सम्मेल

छात्र जिमखाना ने अक्तूबर 23-24, 2010 के दौरान सभी नये **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के छात्र जिमखाना प्रतिनिधियों का एक शिखर सम्मेलन** भा प्रौ सं गाँधीनगर में आयोजित किया गया था । **प्रा. सुधीर के. जैन**, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर ने इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया ओर सभी संस्थानों के छात्र प्रतिनिधियों ने विभिन्न विषयों पर आपस में विचार-विमर्श किया । छात्र प्रतिनिधियों ने आपस में शैक्षिक और शैक्षिकेतर कार्यकलापों, आपसी मुद्दों और परिसर विकास के मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श किया । छात्रों के बीच इस प्रकार के विचार-विनिमय से संस्थानों के तीव्रगति से विकास को बल मिलेगा ।



# पाठ्यक्रमेतर कार्यकलाप

### साहसिक भ्रमण

संस्थान के परामर्शदायी मनोवैज्ञानिक **सुश्री जसबीर कौर थड़ानी** के नेतृत्व में 30 छात्रों का एक दल मई 5-20, 2010 के दौरान भ्रमण करने के लिए गया। उनके कार्यकलापों में पैदलयात्रा, पाराग्लाइडिंग, नौकायन तथा अन्य साहसिक कार्यों का समावेश था। यह दल पैदल चलते हुए हिमालय में **केदारनाथ शिखर** पर 12,500 फूट की ऊँचाई तक गया।

### डांडिया रात्रि

छात्रों की सांस्कृतिक समिति ने अक्तूबर 15, 2010 को नावरात्रि का उत्सव मनाते हुए डांडिया रात्रि का आयोजन किया। संस्थान के नृत्य क्लब ने इस अवसर पर जितू चवान को छात्रों के लिए गरबा प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया था।

### नवागंतुकों के लिए पार्टी

अक्तूबर 22, 2010 को अहमदाबाद के आर3 मॉल के साइक्लोन डिस्को में आयोजित फ्रेशर्स पार्टी में 240 से भी अधिक छात्रों ने पार्टी का लुत्फ उठाया। **पुरूषोत्तम लाल सुमन** और **अंकिता शर्मा** को मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर चुना गया। अन्य दो पुरस्कार विजेताओं में **नाथुलापति श्री हर्ष** (मिस्टर पापुलर), **ऋतु गवास्ने** (मिस स्वीट स्माइल), **चेतन पाटिल** (मिस्टर फिजिक), **निताई बजाज** (प्रिंस चार्मिंग) तथा **दीप्ति चौपड़ा** (मिस रोज) का भी समावेश है। इस कार्यक्रम का समन्वयन तारकेश्वर सिंह, राहुल पंचोली एवं भाविन चौहान ने किया।

### शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम

जनवरी 9, 2011 को संस्थान के **छात्र जिमखाना** ने **शास्त्रीय संगीत संध्या** का आयोजन किया। इस अवसर पर **श्री सलिल भट्ट**, स्वस्तिक का कार्यक्रम पेश किया। वस्तुत: श्री भट ने ही स्वस्तिक वीणा का निर्माण किया है और इस अवसर पर उन्होंने इसके प्रदर्शन में हाशिल महारत को लोगों के सामने बखुबी पेश किया। इन्होंने भारत-जर्मन मिश्र संगीत एल्बम का विमोचन किया।

### पतंग क्लब

संस्थान के **पतंग क्लब** का उद्घाटन न्यूजीलैण्ड के प्रसिद्ध पतंग निर्माता, अभियंता एवं अन्वेषक **श्री पीटर लिन्न** द्वारा जनवरी 14, 2011 को किया गया। श्री लिन्न पतंग के साहसिक उपयोग और मनोरंजन के लिए प्रयोग करते हैं। ये फिलहाल पतंग से विद्युत उत्पादन की संभावनाओं पर शोधकार्य कर रहे हैं। इस क्लब के उत्साही पतंगबाज श्री लिन्न के साथ विचार विमर्श कर के पतंग उड़ाने के विज्ञान और भविष्य पर कार्य करेंगे।



### फिल्म निर्माताओं को तकनीकी सहयोग

पतंगोत्सव के दौरान आकाशीय फोटो लेने के लिए संस्थान के कुछ छात्रों सर्व**श्री एन.सी.पुनीत**, **हर्ष पालीवाल**, **अजिंक्य कुलकर्णी** तथा **जी. नीतिन कुमार** ने एक पतंग में गोप्रो कैमरा लगाकर यह कारनामा किया । इन छविचित्रों का उपयोग वाशिंगटन विश्वविद्यालय के **अदिति देसाई** द्वारा उत्तरायण नामक एक डाक्यूमेंटरी फिल्म बनाने में किया । यह फिल्म जनवरी 9, 2011 को अहमदाबाद में नदी तट पर आयोजित पतंगोत्सव के दौरान बनाई गयी थी जिसमें 43 विभिन्न देशों के पतंगबाजों ने भाग लिया था ।

### रक्त दान अभियान

गत वर्षों की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान के छात्रों ने इस वर्ष भी अहमदाबाद रेड क्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 22 जनवरी 2011 को संस्थान के भीतर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया । यह अभियान अत्यंत उत्साहवर्धक और प्रेरक रहा तथा इसमें 60 से भी अधिक लोगों ने रक्तदान जैसा पवित्र योगदान किया ।

### व़िज़्डम : अन्तर भा प्रौ सं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

फरवरी 25, 2011 को व़िज़्डम नामक एक  अन्तर भा प्रौ सं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रत्येक तीन छात्रों के दल वाली 35 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया । शीर्षस्थ चार टीमों ने अंतिम मुकाबले में भाग लिया जिसमें सामान्य ज्ञान, वर्तमान घटनाचक्र, खेलकूद और संगीत के क्षेत्र से संबंधित प्रश्न पूछे गये । 'You're disqualified' (**सार्थक जैन**, **सौरभ नागरेचा** और **नीतिश रतन**) नामक टीम ने पाँच सौ रूपये का पुरस्कार जीता । '3 Musketeers' (**प्रतीक ठक्कर**, **जैनिल पारेख** तथा **प्रीतेश संखे**) थोड़े के लिए ही पुरस्कार जीतने से वंचित रह गये । सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम का खूब लुत्फ उठाया ।

### ब्लिथक्रॉन'11: सांस्कृतिक त्यौहार

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर का वार्षिक सांस्कृतिक त्यौहार **ब्लिथक्रॉन'11** का आयोजन 29-30 जनवरी, 2011 के दौरान किया गया । सिल्वर स्क्रिन को सम्मान देने के उद्देश्य से इस वर्ष ब्लिथक्रॉन के आयोजकों ने **सिनेमा थ्रू द एजेस** को अपना मुख्य विषय बनाया था । इस कार्यक्रम में विभिन्न युगों के सिनेमा की लोकप्रियता को रेखांकित किया गया । **डॉ. कुमार विश्वास**



की कविताओं ने छात्रों को भावविभोर कर दिया । जर्मनी के **फायर ऑन डावसन**, केरल के **मदरजान** तथा दिल्ली के **सीफर बैण्ड** ने इस अवसर पर प्रदर्शन कर के लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । ब्लिथक्रॉन'11 बड़ी सफलता के साथ आयोजित किया गया जिसमें लगभग 12000 लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।

## जन्माष्टमी समारोह

सितम्बर 2, 2010 को संस्थान में जन्माष्टमी का समारोह बड़े पैमाने पर मनाया गया । पारंपरिक **दही हंड़ी फोड़ने** की प्रतिस्पर्धा ने छात्रों के समक्ष बड़ी चुनौतियाँ प्रस्तुत किया । दही हंड़ी तक पहुँचने के लिए उन्हें चार थर वाला मानवीय पिरामिड बनाना पड़ा । छात्राओं की टीम ने भी इस प्रयास में भाग लिया । छात्राएँ तीन थर वाला पिरामिड ही बना सकीं । मौज-मस्ती करते हुए छात्रों ने श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूम-धाम से मनाया ।



## गणेश चतुर्थी

सितम्बर 11, 2010 को संस्थान के छात्रों ने गणेशोत्सव हेतु गणपति बप्पा की **प्रतिष्ठा** छात्रावास के तल मंजिल पर किया । सात दिनों तक यह गणेशोत्सव बड़े धूम-धाम से मनाया गया । रोज सुबह-शाम बप्पा की **आरती** होती और लोगों में **महाप्रसाद** वितरण किया जाता था । गणपति विसर्जन के दिन छात्रों ने मिलकर साबरमती नदी के घाट तक एक जुलूस निकाल कर गणपति बप्पा का **विर्सजन** किया तथा अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना किया- गणपति बप्पा मोर्‍या, पुढ़च्यावर्षी लवकर या!!

# विशेष अवसर

### संस्थान का स्थापना दिवस

संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर अगस्त 2, 2010 के दिन छात्रों ने **छात्र दृष्टिकोण** विषय पर एक **विचार मंथन** कार्यक्रम का आयोजन किया। पन्द्रह संकाय सदस्य तथा लगभग 160 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह

देश 64वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह अगस्त 15, 2010 को बड़े धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक **प्रा. सुधीर के.जैन** ने ध्वजारोहण किया तथा छात्रों का उद्बोधन करते हुए राष्ट्रनिर्माण हेतु एक प्रेरणास्पद भाषण दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर परिवार ने इस अवसर पर भावपूर्ण होकर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा देशभक्तिपूर्ण संगीत और नृत्य आदि प्रस्तुत किया।

### गाँधी जयंती समारोह

अक्तूबर 2, 2010 को गाँधी जयंती के पावन अवसर पर संस्थान के अनेक संकाय सदस्यों और छात्रों ने साबरमती गाँधी आश्रम में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया। इसके पश्चात संस्थान के ऑडिटोरियम में महात्मा गाँधी को प्रदर्शित करती हुई एक टी-शर्ट का लोकार्पण किया गया। इसी अवसर पर प्रज्ञा नामक संस्थान के सामाजिक परियोजना का भी लोकार्पण हुआ था संस्थान के निदेशक का व्याख्यान तथा प्रसिद्ध संवाददाता **श्री पी. साइनाथ** का रेकार्डेड वार्ता का पस्तुत किया गया।

### गणतंत्र दिवस

देश का 62वाँ गणतंत्र दिवस संस्थान में जनवरी 26, 2010 को बड़े धूम-धाम से मनाया गया। सुबह 6:30 बजे संस्थान के छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने **ग्रीन रन** नामक एक दौड़ में भाग लिया जिसका उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर **प्रा. सुधीर के. जैन**, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर ने तिरंगे का आरोहण कर के दौड़ आरंभ करवाया। दौड़ की समाप्ति पर लगभग 50 छात्रों ने मिलकर भारत में उच्च तकनीकी शिक्षा विषय पर विचार-विमर्श में भाग लिया।



Green Run on 62nd Republic Day

# छात्रों की विशिष्ट उपलब्धियाँ


सुष्मिता


शालिनी

**सुष्मिता पूर्णिमा कोटु** तथा **शालिनी कवाड़िया**, द्वितीय वर्ष, रासायनिक अभियाँत्रिकी की दोनो छात्राओं ने एम एस विश्वविद्यालय बड़ौदा में 25 फरवरी 2011 को आयोजित टेक फेस्ट में उत्पाद विकास सत्र के दौरान कूलिंग टॉवर का प्रतिरूप बनाकर रू. 12000/- का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ।


सुशांतसुशांत


अर्थ

**सुशांत कुमार सुमन** एवं **अर्थ पटेल**, दोनो द्वितीय वर्ष, रासायनिक अभियाँत्रिकी के छात्रों ने चंडीगढ में छात्रों एवं युवकों के एक विश्व संगठन द्वारा आयोजित **विविधता का समारोह : युवकों के बीच अत:सांस्कृतिक समझ में वृद्धि** विषय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ' समान संस्कृति मानवता का समारोह' शीर्षक पर अपना साझा अभिपत्र प्रस्तुत किया । फरवरी 19-20, 2011.


भाविन

**भाविन चौहान**, एक द्वितीय वर्ष याँत्रिकी अभियाँत्रिकी छात्र ने धीरूभाई अंबानी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर में फरवरी 27, 2011 को आयोजित रैप संगीत स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया ।

संस्थान के छ: छात्रों (सर्व**श्री अनिरूद्ध सिंगल, अक्षय नवलखा, श्रेयस वैद्य, शुभम गुप्ता, वरूण गुप्ता तथा वेद साहू**) के एक दल ने मिलकर एक यंत्रमानव (रोबोट) का अभिकल्प तैयार किया तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई में टेकफेस्ट 2011 में आयोजित रोबोवार्स में 64 फाइनलिस्टों में अपनी जगह बनाया ।


अनिरूद्ध सिंगल


अक्षय नवलखा


वेद साह


श्रेयस वैद्य


शुभम गुप्ता


वरूण गुप्ता

## अनुसंधान प्रकाशन

समीक्षा वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय सदस्यों के साथ-साथ संस्थान के निम्नांकित छात्रों ने भी अपने शोध कार्यों को ख्यातिलब्ध नायाब समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करवाया ।



**योगेश गोयल**, संस्थान में तृतीय वर्ष, रासायनिक अभियाँत्रिकी के छात्र ने संस्थान के प्रथम अवरस्नातक छात्र के रूप में अपना पहला शोध कार्य एक ख्यातिलब्ध नायाब समीक्षित पत्रिका में प्रकाशित करवाने का गौरव हाशिल किया । योगेश गोयल ने यह शोधकार्य वाशिंगटन विश्वविद्यालय, संत लूईस, मिस्सोरी, अमरीका में अपना ग्रीष्मकालीन इंटर्नशीप करते हुए पूर्ण किया तथा अपने शोधकार्य को **बायोटेक्नॉलॉजी एण्ड बायोइंजिनियरिंग**, विले पिरियोडिकल्स (ऑन लाइन नवम्बर 12, 2010 doi 10.1002/bit. 22996) में प्रकाशित करवाया ।



**मनीष सैनी**, पीएच डी छात्र, रासायनिक अभियाँत्रिकी के छात्र ने संस्थान के प्रथम पीएच डी छात्र के रूप में अपना पहला शोध कार्य एक ख्यातिलब्ध नायाब समीक्षित पत्रिका में प्रकाशित करवाने का गौरव हाशिल किया । मनीष का शोधकार्य एल्सेवियर के **अप्लाइड एनर्जी** नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ (doi: 10.1016/j.apenergy.2010.12.055)



**सुदीप्त दास**, संस्थान के रसायनशास्त्र के एक पीएच डी छात्र ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गौहाटी में दिसम्बर 3-4, 2010 के दौरान आयोजित फ्रंटियर्स ऑफ केमिकल साइंसेज (FICS) नामक राष्ट्रीय सम्मेलन में अपना पोस्टर अभिपत्र जिसका शीर्षक है **एक्सपाण्डेड एनालागस ऑफ वेंजीप्रोफिरिन्स** प्रस्तुत किया ।

# खेल समाचार

## अन्तर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान अक्वैटिक मीट 2010

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की में अक्तूबर 1-4, 2010 के दौरान आयोजित अन्तर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान अक्वैटिक मीट 2010 में संस्थान के छात्र **वृक्षिकेत पाटिल** ने 100 मीटर एवं 200 मीटर बैकस्ट्रोक प्रतिस्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त किया। वह 200 मीटर वैयक्तिक मेडले के अंतिम मुकाबले के लिए भी योग्यता प्राप्त किया। **अंचित गौरव**, **वृक्षिकेत पाटिल**, **बजरंग चौधरी** तथा **संजय मीणा** की टीम ने 400 मीटर मेडले रिले में छठवाँ स्थान प्राप्त किया।

## 46वाँ अन्तर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्पोर्ट्स मीट 2010

46वाँ अन्तर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्पोर्ट्स मीट 2010 में संस्थान के छात्र **सुरेश चौधरी** ने 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा **एकता प्रश्नानी** ने 800 मीटर दौड़ में पाँचवा स्थान प्राप्त किया।

बालिका बैडमिंटन टीम (**श्रुति जैन**, **स्वाती वर्मा** तथा **एकता प्रश्नानी**) तथा बालकों की बॉस्केटबॉल टीम, दोनो ने इस स्पोर्टस मीट में चौथा स्थान प्राप्त किया।

इस स्पर्धा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर की बालिका टीम ने सामान्य चैंपियनशीप में 7वाँ स्थान और बालकों की टीम ने 8वाँ स्थान प्राप्त किया। मार्चपास्ट में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर को 3रा स्थान प्राप्त हुआ। इसमें कुल 83 छात्र सदस्यों के दस्ते ने शतप्रतिशत उपस्थिति दर्ज करते हुए भाग लिया।

## अन्तर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कर्मचारी मीट

दिसम्बर 23-26, 2010 के दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली में अन्तर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कर्मचारी मीट का आयोजन किया गया था इस मीट में आयोजित स्पर्धा में संस्थान के कर्मचारी **श्री संतोष राऊत** ने 200 मीटर दौड़ में चौथा स्थान और 400 मीटर दौड़ में पाँचवा स्थान प्राप्त किया। श्री सुप्रेश थलसेरी ने 1500 मीटर दौड़ में पाँचवा स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर संस्थान के 7 कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया था तथा मीट में 9वाँ स्थान अर्जित किया।

## पेट्रो कप '11 : जनवरी 30, 2011

- संस्थान की पुरूष बास्केटबॉल टीम ने पी डी पी यू की टीम को 48 के मुकाबले 21 पॉइंट से हराकर **पेट्रो कप बास्केटबॉल मेन्स चैंपियनशीप** टाइटल पर कब्जा किया। **विश्वेन्द्र जोशी**, **सुरेश चौधरी**, **पंकज यादव**, **रवि पाल** तथा **गौरव राठौड़** अंतिम मुकाबले के स्टार खिलाड़ी रहे।
- पेट्रो कप'11 में संस्थान की महिला बास्केटबॉल टीम ने **विमेन्स चैंपियनशीप** मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। **गरिमा रघुवंशी**, **दिव्या बंसल** तथा **ऋतु गवासने** ने उल्लेखनीय खेल का प्रदर्शन किया।
- पेट्रो कप'11 वॉलीबॉल मेन्स चैंपियनशीप में संस्थान की पुरूष वॉलीबॉल टीम ने **मेन्स चैंपियनशीप** मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। **भूमा राजशेखर**, **चेतन पाटिल** तथा **पुनीत भट** ने उल्लेखनीय खेल का प्रदर्शन किया।

## अन्त:विभागीय टुर्नामेंट 2010

| स्पर्धा | दिनांक | अंतिम मुकाबला | कैप्टन |
|---|---|---|---|
| फूटबॉल | 5 अप्रैल, 2010 | रासायनिक अभियाँत्रिकी के मुकाबले विद्युत अभियाँत्रिकी विजयी (5-4) | शशांक शिवहरे |
| बास्केटबॉल | 6 अप्रैल, 2010 | याँत्रिकी अभियाँत्रिकी के मुकाबले रासायनिक अभियाँत्रिकी विजयी (39-36) | योगेश गोयल |
| वॉलीबॉल | 7 अप्रैल, 2010 | रासायनिक अभियाँत्रिकी के मुकाबल विद्युत अभियाँत्रिकी विजया (3-1) | बी. राजशेखर |
| टेबल टेनिस | 7 अप्रैल, 2010 | याँत्रिकी अभियाँत्रिकी के मुकाबले रासायनिक अभियाँत्रिकी विजयी | चेतस जोशी |
| बैडमिंटन | 8 अप्रैल, 2010 | रासायनिक अभियाँत्रिकी के मुकाबले विद्युत अभियाँत्रिकी विजयी (3-1) | हर्ष पालीवाल |

निम्नांकित छात्रों ने वैयक्तिक चैंपियनशीप में विजय श्री प्राप्त किया :

**हर्ष पालीवाल** : बैडमिंटन

**चेतस जोशी** : टेबल टेनिस

**अक्षय नवलखा** : शतरंज (चेस)

निम्नांकित छात्रों को वर्ष 2010-11के लिए विजयी घोषित किया गया

**विश्वेन्द्र जोशी** : स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द इयर पुरस्कार

**सुरेश चौधरी** : वर्ष का सर्वोत्तम धावक पुरस्कार

**विद्युत अभियाँत्रिकी** : सामान्य चैंपियनशीप

.

## अन्य खेल प्रतियोगिताएँ

| खेल | दिनांक | विरोधी | अंक | उल्लेखनीय प्रदर्शन |
|---|---|---|---|---|
| बास्केटबॉल | अप्रैल 3, 2010 | 21 राजपूत रेजिमेंट | | विश्वेन्द्र जोशी एवं सुरेश चौधरी |
| बास्केटबॉल | अगस्त 19,2010 | स्कूल ऑफ लिबरल स्टडिज, गाँधीनगर | 51-15 | सुरेश चौधरी, योगश गोयल तथा विश्वेन्द्र जोशी |
| वॉलीबॉल | अगस्त 19,2010 | स्कूल ऑफ लिबरल स्टडिज, गाँधीनगर | 2-1 | चेतन पाटिल, पुनीत भट, भूमा राजशेखर |
| बास्केटबॉल | अक्तूबर 19,2010 | पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय | 45-37 | विश्वेन्द्र जोशी, गौरव राठौड़, सुरेश चौधरी, पंकज यादव, सिद्धार्थ गोरा तथा अदित गुप्ता |
| क्रिकेट | अक्तूबर 23,2010 | एस जी वी पी इंटरनेशनल स्कूल | (भा प्रौ सं 84/4,17 ओवर्स) (एस वी जी पी 78/4, 17 ओवर्स ) | विवेक क्षीरसागर, श्री प्रकाश तथा अदनान अंसारी |
| बास्केटबॉल | नवम्बर 10,2010 | एच एल कॉमर्स महाविद्यालय | 138-117 | गौरव राठौड़, सुरेख चौधरी, विश्वेन्द्र जोशी, अदित गुप्ता तथा पंकज यादव |
| टेबल टेनिस | जनवरी 11,2011 | पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय | 3-0 | चेतस जोशी, मोहित वर्मा, स्पंदन ज्योति दास |
| वॉलीबॉल | जनवरी 18,2011 | पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय | 2-1 | चेतन पाटिल, पुनीत भट, भूमा राजशेखर |
| क्रिकेट | जनवरी 21,2011 | एस जी वी पी इंटरनेशनल स्कूल | 24 रन से विजयी | सुजय यादव, आर्यन कुमार, सूर्यकांत क्षीरसागर |
| बास्केटबॉल | जनवरी 21,2011 | पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय | 38-32 | योगेश गोयल, गौरव राठौड़, विश्वेन्द्र जोशी |